रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 4887] नई दिल्ली, मंगलवार, दिसम्बर 11, 2018/अग्रहायण 20, 1940
No. 4887] NEW DELHI, TUESDAY, DECEMBER 11, 2018/AGRAHAYANA 20, 1940

IndiaCode

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 10 दिसम्बर, 2018

का.आ. 6117(अ).— प्रारूप अधिसूचना भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 231(अ) तारीख 15 जनवरी, 2018 द्वारा भारत के राजपत्र असाधारण में प्रकाशित की गई थी जिसमें उन सभी व्यक्तियों से, जिनको उससे प्रभावित होने की संभावना थी, उस तारीख से, जिसको उक्त अधिसूचना की राजपत्र की प्रतियां जनता को उपलब्ध करा दी गई थी, साठ दिन की अवधि के भीतर, आक्षेप और सुझाव आमंत्रित किए गए थे;

और, प्रारुप अधिसूचना की राजपत्र की प्रतियां जनता को तारीख 15 जनवरी, 2018 को उपलब्ध करा दी गई थीं;

और, प्रारुप अधिसूचना के प्रत्युत्तर में व्यक्तियों और पणधारियों से कोई आक्षेप और सुझाव प्राप्त नहीं किए गए;

और, कच्छ बस्टर्ड अभयारण्य 2.028 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है और गुजरात राज्य के कच्छ जिले के अब्दासा तालुका/तहसील में स्थित है;

और, भारतीय बस्टर्ड भारतीय उपमहाद्वीप के छोटे घास मैदानों में रहने वाले एक बड़े पक्षी हैं। कच्छ बस्टर्ड अभयारण्य (केबीएस) कच्छ जिले के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में स्थित है, जो 23° 12' उत्तरी अक्षांश और 68° 43' पूर्वी देशांतर में स्थित है। इस क्षेत्र को कच्छ बस्टर्ड अभयारण्य के रूप में वन और पर्यावरण विभाग द्वारा गुजरात सरकार की अधिसूचना सं. जीवीएन-92-17-डब्लूएलपी-1090-2027-वी-2 दिनांक 4 जुलाई 1992 को घोषित किया गया है। यह गुजरात राज्य के कच्छ जिले के अब्दासा तालुका के जखाऊ एवं बुड़िया ग्रामों में स्थित 202.86 हेक्टेयर भूमि का एक छोटा भाग है। इस क्षेत्र में जखाऊ ग्राम की सर्वेक्षण संख्या 844, 1482, 1483, 1484 और 1485 और बुड़िया ग्राम की सर्वेक्षण संख्या 93,94,95,101 और 102 सम्मिलित हैं। कच्छ बस्टर्ड अभयारण्य में जखाऊ एवं बुड़िया का भूमि क्षेत्र लगभग 101.58 हेक्टेयर और 101.28 हेक्टेयर सम्मिलत है। भारतीय बस्टर्ड, बस्टर्ड परिवार के सबसे खतरनाक जीव में से एक है। प्रजातियां भारतीय वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (53 का 1972) की अनुसूची- I के अधीन सुरक्षित है। प्रकृति संरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय संघ (रेड डाटा बुक) द्वारा भारतीय बस्टर्ड को गंभीर रूप से लुप्तप्राय वर्गीकृत किया गया है क्योंकि यह बहुत छोटी और जनसंख्या घट

रही है। जीईईआर संस्थान (2003-2008) के द्वारा किए गए अध्ययन रिपोर्ट में सिफारिशों के आधार पर पारिस्थितिकी-संवेदी जोन को प्रस्तावित किया गया है। यह विद्यमान आवास को संरक्षित करने और संरक्षण की स्थिति में सुधार करने में मदद करेगा। इस क्षेत्र को पारिस्थितिकी-संवेदी जोन के रूप में घोषित करके, हम भारतीय बस्टर्ड को पारिस्थितिकी प्रणाली और इसके निवास स्थान की पुनःस्थापन कर सकते हैं;

और, कच्छ बस्टर्ड अभयारण्य की गई महत्वपूर्ण प्रजातियां शिंक (*ओफिसोप्स माइक्रोलिपीस*), ट्रिंकेट साँप (*कोलेग्राथस हेलेनस*), भारतीय गिरगिट (*चमेलेन ज़ेलेनिकस*), सॉ स्कैलड वाइपर (*इचिस कैरिनैटस*), ब्लैक हेडेड रॉयल साँप (*स्पेलरियोसोफिस एटरीकेप्स*), भारतीय स्टार कछुआ (*जियोकेलोन एलिगेंस*), हार्डविकस जोंक (*ब्रैचिसौरा माइनर*), स्पिनी-पूंछ छिपकली (*सारा हार्डविकि*), कॉमन इंडियन मॉनिटर (*वारानस बेंगलेंसिस*), मार्श मगरमच्छ (*क्रोकोडाइलस पैलस्ट्रिस*), बैंडेड रॉक गिक्को (*साइरटोडैक्टाइलस कचेनसिस*), चेकरड केबैक (*एक्सनोचीरोफिस पिसकैटर*), बफ़स्ट्रिपिपेड केबैक (*एम्फ़िस्मा स्टोलाटम*), इंडियन सैण्ड बोआ (*इरीक्सजोहनी*), इंडियन भेड़िया साँप (*लाइकोडोन ऑलिकस*), रसेल वाइपर (*दबोइया रससेलि*), सामान्य करैत (*बैंगारस कैर्यूलेस*), इंडियन फ़्लैंसशेल कछुआ (*लिसेमीस पंक्टाटा*), सामान्य बागीचा छिपकली (*कैलोट्स वरसीकलर*), फैन थ्रोएटेड छिपकली (*सीताना पोंटीसीरियाना*), येल्लो-बेलीड हाउस गिक्को (*हेमिडेक्टीलस फ्लैविविरीडीस*), रसेलस अर्थ बोआ (*गोंगिलोफिस कोनीकस*), भारतीय चूहा साँप (*पीटास म्यूकोसा*), भारतीय कोबरा (*नाजा नाजा*), आदि हैं।

और, कच्छ बस्टर्ड अभयारण्य से प्रमुख वनस्पतियां रण भिंडी, जंगली भिंडी *(एबेलमोस्चस मनीहोट),* चानोथी, गुंजा *(एब्रस प्रेसिटेरियस एल.),* जिन्की खापत, सेनेरी दबलीर *(अबुटिलॉन फ्रूटिकोसम गिल.),* खापत, दब्लीयार *(अबुटिलॉन इंडिकम),* भोनीखांस्की *(अबुटिलोन थियोफ्रास्टी),* ऑस्ट्रेलियन बावल *(अकाकिया ऑरिक्युलिफॉर्मिस),* अकाकिया बिनोसा, तलबावरी *(अकाकिया जौक्वेमोंटी),* हर्मोबावल, हिवर, समदी *(अकाकिया लेकोफ्लोआ),* देशी बावल, मिथो बावर *(अकाकिया निलोटीका),* गोरद, मिथो खेर, कुंभत *(अकाकिया सेनेगल),* दादरी, रुंचलो दाद्रो *(अकालीफा सिलीटा फोर्स्क.),* वैचिकाटो *(अकालीफा इंडिका),* अघडो *(अच्यर्मेश एस्पेरा वार. एस्पेरा एल.),* सोनार *(अच्यंत्रेश एस्पर वार. पोर्फिरिस्टा एचके.एफ.),* गोरख, रुखडो *(एडानसोनिया डिजिटाटा एल.),* अर्दुसी *(अदहाटोडा ज़ेलेनिका),* बिली *(एग्ले मार्मेलोस),* कपुरी *(अर्व लानाला),* बुव, बाउ, गोरखगंजो रंबन, केटाकी *(एग्वेव अमरिकाना एल.),* रुखडो, मोटो अर्डुसो *(एइलंथस एक्सेलस रोक्सब.),* शिरीष *(अल्बिज़िया अमारा बोविइन.),* डोंगारी *(एलियम सीपा एल.), लासन (एलियम सैटिवम एल.),* कुनवाइपाटो, एरियो, गिंगवार *(एलो बारबाडेन्सिस मिल.),* कंधेरी (*एम्बरोबा रैमोस*), करीयातु (*एंड्रोग्राफिस इकोयोइड्स*), सुवा (*एनेथम ग्रेवोलेंस एल.*), चोडारो (*एनीसोमेलस इंडिका*), एरेडी, दारदी (*अर्गमोन मेक्सिकाना एल.*), अंगारियो (*बालानाइट्स एजिप्चिका*), कंता एसेरियो (*बरलेरिया प्रिओनाइटिस*), पोई (*बेसला रूबरा*) *फिलिप*), साग (*टेक्टोना ग्रैंडिस*), छत्रो सरपंको (*टेफ्रोसिया पॉसीफ्लोरा ग्राह.*), सतोदो (*त्रियांलेमा पोर्टुलाकास्ट्रम एल.*), सतोदी (*त्रिंथाहेमा ट्राक्वेट्रा रोटल.*), भूरती, जापाती (*ट्रायमफेटा रोडोमिडा जैक.*), नागोड (*विटेक्स निगुंडो एल.*), दोदी, मोतीडोदी, माल्ती (*वट्टाकाका वाल्बिलिस*), असोंध, अश्वगंध (*विस्थान सोमनिफेरा (एल.) डनल*), समरपानी (*जोर्निया गिबोसा स्पैन*), पटलानी, अथेली, अलेथी (*ज़ीगोफिलम सिम्प्लेक्स एल.*), वाडी सदेबी (*वेमोनिया सिनेरस्केंस एसएच-बिप.*), सहदेवी, सडेदी (*वर्नोनिया सिनेरेरिया (एल.) लेस.*), सोनासाली (*विकोका इंडिका (एल.) डीसी.*), मुथ (*विग्रा एकोनीटिफोलिया (जैक.) मरेचल*), चौला (*विग्रा कैटजांग वालप.*), जागली मग, एडबौ मग (*विग्रा रेडिटा वार. सब्लोबाटा (रोक्सब.) वर्डे.*), काग्डा वेल (*विग्रा त्रिलोबता (एल.) वर्ड.*), बनफसा (*व्हायोला सिनेरेरा वार स्टॉकि (बोइस.) बेक.फॉर्मा*), ओर्जो ज़ेड (*ज़िज़िफस मॉरीटियाना लैम.*), आदि अभिलिखित हैं।

और, कच्छ बस्टर्ड अभयारण्य की दुर्लभ और लुप्तप्राय प्रजातियां *कनवल्वुलस स्टॉकसी बोइस, हेलिक्रिसम कटचिकम, हेलियोट्रोपियम बेसीफ़ेरम फोर्सक, कॉमिफोरा विटटी (एम. भंडारी), हेलियोटोपियम रारिफ्लोरम स्टॉक्स, पैवोनिया सीराटोकार्पा मस्ट, सिडा तिग्गी भंडारी, आर्डेओटिस निग्राइसप्स, सारा हार्डविकि (इंडियन स्पाइनी-टेल्ड लिजार्ड), वेनेलस*

ग्रेगरीयस, हेमीचिनस कॉलारिस (कोलार्ड हेडगेहोग), सिपियोटिड्स इंडिका, फेलिस सिल्व्हेस्ट्रीस, गज़ेले बेंनेटी आदि हैं। जबकि शिंक (ओफिसॉप्स माइक्रोलिपिस) इस क्षेत्र में पाए जाने वाले स्थानिक प्रजाति हैं।

और, कच्छ बस्टर्ड अभयारण्य के चारों ओर के क्षेत्र को, जिसका विस्तार और सीमाएं इस अधिसूचना के पैरा 1 में विनिर्दिष्ट हैं, पर्यावरण की दृष्टि से पारिस्थितिकी संवेदी जोन के रूप में सुरक्षित और संरक्षित करना तथा उक्त पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उद्योगों या उद्योगों की श्रेणियों के प्रचालन और प्रसंस्करण को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है ;

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की उपधारा (1), धारा 3 की उपधारा (2) एवं उपधारा (3) के खंड (v) और खंड (xiv) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, गुजरात राज्य में कच्छ बस्टर्ड अभयारण्य की सीमा के चारों ओर 0 किलोमीटर से 36.70 किलोमीटर तक विस्तारित क्षेत्र को कच्छ बस्टर्ड अभयारण्य पारिस्थितिकी संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिकी संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, अर्थात् :--

1. **पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार और उसकी सीमाएं**--(1) पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार कच्छ बस्टर्ड अभयारण्य के चारों ओर 0 किलोमीटर से 36.70 किलोमीटर तक है और क्षेत्रफल 219.78 वर्ग किलोमीटर है।

(2) पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण **उपाबंध I क-ख** के रुप में उपाबद्ध है ।

(**3**) भू-निर्देशांकों, भूमि उपयोग पैटर्न, उपग्रह चित्र और मानचित्र अवस्थान के साथ कच्छ बस्टर्ड अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन का मानचित्र **उपाबंध-II क, उपाबंध-II ख और उपाबंध-II ग** के रूप में उपाबद्ध है।

(4) कच्छ बस्टर्ड अभयारण्य की सीमा के भू-निर्देशांकों की सूची **उपाबंध III** की सारणी **क और ख** के रूप में उपाबद्ध है ।

(5) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची **उपाबंध –IV** में दी गई है।

2. पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना – (1) राज्य सरकार, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के प्रयोजन के लिए, राजपत्र में अंतिम अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से और इस अधिसूचना में दिए गए अनुबंधों का पालन करते हुए राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदनार्थ एक आंचलिक महायोजना तैयार करेगी ।

(2) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आचंलिक महायोजना इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट रीति से राज्य सरकार द्वारा सुसंगत केंद्रीय और राज्य विधियों तथा केंद्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गनिर्देशों, यदि कोई हों, के अनुरूप तैयार की जाएगी ।

(3) आंचलिक महायोजना, पर्यावरणीय और पारिस्थितिकी विचारों को समाकलित करने के लिए राज्य सरकार के सभी संबद्ध विभागों के परामर्श से तैयार की जाएगी, अर्थात्:--

(i) पर्यावरण ;

(ii) वन और वन्यजीव ;

(iii) कृषि;

(iv) राजस्व;

(v) शहरी विकास;

(vi) पर्यटन;

(vii) ग्रामीण विकास;

(viii) सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण;

(ix) नगरपालिका;

(x) पंचायती राज;
(xi) लोक निर्माण विभाग।

(4) जब तक इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो, आंचलिक महायोजना में वर्तमान में अनुमोदित भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा और आचंलिक महायोजना में सभी प्रकार की अवसंरचनाओं और क्रियाकलापों के सुधार की व्यवस्था की जाएगी जिससे कि वे अधिक दक्ष और पारिस्थितिकी अनुकूल बन सकें।

(5) आंचलिक महायोजना में अनाच्छादित क्षेत्रों के जीर्णोद्धार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भू-जल के प्रबंधन, मृदा और नमी के संरक्षण, स्थानीय जनता की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिकी और पर्यावरण के ऐसे अन्य पहलुओं, जिन पर ध्यान देना आवश्यक है, की व्यवस्था की जाएगी ।

(6) आंचलिक महायोजना में सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों और शहरी बस्तियों, वनों के प्रकारों और किस्मों, आदिवासी क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, उद्यानों एवं उद्यानों की तरह के हरित क्षेत्रों, बागवानी क्षेत्रों, बगीचों, झीलों, नमभूमियों और अन्य जल निकायों की सीमा का निर्धारण किया जाएगा तथा सहायक मानचित्र भी दिया जाएगा और इस महा-योजना से संबंधित सहायक मानचित्र में विद्यमान और प्रस्तावित भूमि के उपयोग की विशेषताओं का ब्यौरा दिया जाएगा।

(7) आंचलिक महायोजना के अंतर्गत पारिस्थितिकी संवेदी जोन में विकास को विनियमित करेगी और पैराग्राफ 4 की सारणी में सूचीबद्ध प्रतिषिद्ध, विनियमित क्रियाकलापों का पालन करेगी तथा स्थानीय समुदायों की आजीविका सुरक्षा के लिए, पारिस्थितिकी अनुकूल विकास सुनिश्चित करेगी और संवर्धित करेगी।

(8) आंचलिक महायोजना स्थानीय समुदायों के जीवकोपार्जन को सुनिश्चित करने के लिए, पारिस्थितिकी संवेदी जोन में पारिस्थितिकी अनुकूल विकास को विनियमित करेगी।

(9) इस प्रकार अनुमोदित आंचलिक महायोजना इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार मानीटरी के अपने कृत्यों को करने के लिए मानीटरी समिति के लिए एक संदर्भ दस्तावेज होगी ।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय--** राज्य सरकार, इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी बनाने के लिए, निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात्:-

(1) भू-उपयोग.-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में वनों, उद्यान-कृषि क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, आमोद-प्रमोद के प्रयोजन के लिए चिन्हित किए गए पार्कों और खुले स्थानों का वृहद वाणिज्यिक या वृहद आवासीय काम्पलैक्स औद्योगिक क्रियाकलापों के लिए उपयोग या संपरिवर्तन नहीं होगा:

(ख) परंतु पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर कृषि और अन्य भूमि का संपरिवर्तन, मानीटरी समिति की सिफारिश पर और यथा लागू और राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से, और स्थानीय निवासियों की निम्नलिखित आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा, जैसे कि:-

(i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना और नई सड़कों का संनिर्माण;

(ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण;

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग,

(iv) कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण उद्योग हैं; सुविधाजनक भण्डार और स्थानीय सुख-सुविधाओं जो पारिस्थितिकी पर्यटन में सहायक हैं जिसमें ग्रह वास सम्मिलित है;और

(v) संवर्धित क्रियाकलाप और पैराग्राफ 4 के अधीन दिया गया है:

(ग) परंतु यह भी कि राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन के बिना और संविधान के अनुच्छेद 244 के उपबंधों या तत्समय प्रवृत्त विधि, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी है, के अनुपालन के बिना वाणिज्यिक और औद्योगिक विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का प्रयोग अनुज्ञात नहीं होगा।

(घ) परंतु यह भी कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर की भूमि के अभिलेखों में उत्पन्न किसी त्रुटि की, मानीटरी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात्, राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार शुद्धि की जाएगी और उक्त त्रुटि के शुद्धिकरण की सूचना केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को दी जाएगी ।

(ङ) परंतु यह भी कि उपर्युक्त त्रुटि के शुद्धिकरण में, इस उप-पैरा में यथा उपबंधित के सिवाय, किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नहीं होगा ।

(च) परंतु यह और भी कि जिससे हरित क्षेत्र में जैसे वन क्षेत्र, कृषि क्षेत्र आदि में कोई पारिणामिक कटौती नहीं होगी और अनुप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण के तथा पर्यावास और जैव- विविधता की बहाली के प्रयास किए जाएंगे ।

(2) प्राकृतिक जल स्रोत - सभी प्राकृतिक जल स्रोतों के जल आवाह क्षेत्रों नदियों और जलसरणियों की पहचान की जाएगी और आचंलिक महायोजना में उनके संरक्षण और नवीकरण की योजना सम्मिलित की जाएगी और राज्य सरकार द्वारा इस रीति से जल आवाह प्रबंधन योजना बनाई जाएगी कि उसमें आवाह क्षेत्रों में विकास क्रियाकलापों को प्रतिषिद्ध किया गया हो ।

(3) पर्यटन.–

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर सभी नए पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार पारिस्थितिकी संवेदी जोन संबंधी पर्यटन महायोजना के अनुसार होगा ।

(ख) पर्यटन महायोजना पर्यटन विभाग द्वारा राज्य सरकार के पर्यावरण और वन विभाग के साथ परामर्श से तैयार होगी ।

(ग) पर्यटन महायोजना आंचलिक महायोजना का एक घटक होगी ।

(घ) पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नानुसार विनियमित किए जाएंगे, अर्थात् :-

(i) कच्छ वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इसमें जो भी निकट हो, नये होटलों या रिसोर्टों का संन्निर्माण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा । परन्तु यह कि, कच्छ वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर की दूरी से परे पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक नए होटलों और रिसोर्टों की स्थापना पर्यटन महायोजना के अनुसार पारिस्थितिकी पर्यटन सुविधाओं के लिए पूर्व सीमांकित और पदाभिहित क्षेत्रों में अनुज्ञात की जाएगी;

(ii) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अन्दर सभी नए पर्यटन क्रिया-कलाप या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी मार्गदर्शक सिद्धांतों तथा पारिस्थितिकी पर्यटन पर बल देते हुए राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण द्वारा जारी पारिस्थितिकी पर्यटन मार्गदर्शक सिद्धांतों (समय-समय पर यथा संशोधित) के अनुसार होगा;

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन किए जाने तक, पर्यटन के लिए विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को वास्तविक स्थल विनिर्दिष्ट संवीक्षा तथा मानीटरी समिति की सिफारिश के आधार पर संबंधित विनियामक प्राधिकरणों द्वारा अनुज्ञात किया जाएगा।

(4) **प्राकृतिक विरासत** – पारिस्थितिकी संवेदी जोन में बहुमूल्य प्राकृतिक विरासत के सभी स्थलों जैसे कि सभी जोन पूल रिजर्व क्षेत्र, शैल संरचना, जल प्रपात, झरने, दर्रे, उपवन, गुफाएं, स्थल, वनपथ, रोहण मार्ग, उत्प्रपात आदि की पहचान की

जाएगी और उन्हें संरक्षित किया जाएगा तथा उनकी सुरक्षा और संरक्षण के लिए इस अधिसूचना के अंतिम प्रकाशन की तारीख से छह मास के भीतर, उपयुक्त योजना बनाएगी और ऐसी योजना आंचलिक महायोजना का भाग होगी ।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल -** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, कृत्रिम क्षेत्रों, ऐतिहासिक, कलात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से छह मास के भीतर उनके संरक्षण की योजनाएं तैयार की जाएंगी जो आंचलिक महायोजना का भाग होगी।

(6) **ध्वनि प्रदूषण** -- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण का निवारण और नियंत्रण, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के अधीन बनाए गए ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 समय-समय पर यथासंशोधित के अनुसार किया जाएगा ।

(7) **वायु प्रदूषण** - पारिस्थितिकी संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण का निवारण एवं नियंत्रण, वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) के उपबंधो और उसके अधीन बनाए गए नियमों समय-समय पर यथासंशोधित के अनुसार किया जाएगा।

(8) **बहिस्राव का निस्सारण** - पारिस्थितिक संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण, जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 (1974 का 6) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार समय-समय पर यथासंशोधित के अनुसार किया जाएगा।

(9) **ठोस अपशिष्ट-** ठोस अपशिष्ट का निपटान एवं प्रबन्धन निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट का निपटान और प्रबंधन भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं. का.आ. 1357(अ), तारीख 8 अप्रैल, 2016 के तहत प्रकाशित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा;

(ख) स्थानीय प्राधिकरण जैव निम्नीकरणीय और अजैव निम्नीकरणीय संघटकों में ठोस अपशिष्टों के संपृथक्कन के लिए योजनाएं तैयार करेंगे;

(ग) जैव निम्नीकरणीय सामग्री को अधिमानतः खाद बनाकर या कृमि खेती के माध्यम से पुनःचक्रित किया जाएगा;

(घ) अकार्बनिक सामग्री का निपटान पारिस्थितिकी संवेदी जोन के बाहर पहचान किए गए स्थल पर किसी पर्यावरणीय स्वीकृत रीति में होगा और पारिस्थितिक संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट का जलाया जाना या भष्मीकरण अनुज्ञात नहीं होगा।

(10) **जैव चिकित्सा अपशिष्ट** - जैव चिकित्सा अपशिष्ट का प्रबंधन निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में जैव चिकित्सा अपशिष्ट का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय–समय पर यथा-संशोधित अधिसूचना सं.सा.का.नि 343 (अ), तारीख 28 मार्च, 2016 के तहत प्रकाशित जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(ख) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर कोई सामान्य उपचार सुविधा या जलाए जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(11) **प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन: -** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्लास्टिक अपशिष्ट का प्रबंधन, भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना सां.का.नि 340(अ), तारीख 18 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(12) **निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन: -** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना सं.का.नि 317(अ), तारीख 29 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित संनिर्माण और विध्वंस प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

IndiaCode

(13) **ई–अपशिष्ट:-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ई–अपशिष्ट का प्रबंधन भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की द्वारा प्रकाशित समय-समय पर यथासंशोधित ई–अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(14) **यानीय परिवहन: -** परिवहन की यानीय गतिविधियां आवास के अनुकूल विनियमित होंगी और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध अधिकथित किए जाएंगे और आंचलिक महायोजना के तैयार होने और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा के अनुमोदित होने तक, मानीटरी समिति प्रवृत्त नियमों और विनियमों के अनुसार यानीय गतिविधियों के अनुपालन को मानीटरी करेगी ।

(15) **यानीय प्रदूषण:-** वाहन प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण लागू विधियों के अनुसार किया जाएगा। स्वच्छतर ईंधन के उपयोग के लिए किए गए प्रयास उदाहरण के लिए सीएनजी, आदि हैं ।

(16) **औद्योगिक ईकाइयां: -**

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर कोई नए प्रदूषित उद्योगों की स्थापना की अनुज्ञात नहीं की जाएगी।

(ख) जब तक इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो, पारिस्थितिकी संवेदी जोन में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी दिशानिर्देशों में किए गए उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार केवल गैर प्रदूषणकारी उद्योगों की स्थापना अनुज्ञात की जायेगी। इसके अतिरिक्त, गैर-प्रदूषणकारी कुटीर उद्योगों को बढ़ावा दिया जायेगा।

(17) **पहाड़ी ढलानों को संरक्षण: -** पहाड़ी ढलानों का संरक्षण निम्नानुसार होगा:

(क) आंचलिक महायोजना पहाड़ी ढलानों पर क्षेत्रों का संकेत होगा जहां किसी भी संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी ।

(ख) कटाव के एक उच्च डिग्री के साथ विद्यमान खड़ी पहाड़ी ढलानों या ढलानों पर किसी भी संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी ।

4. पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध और विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची - पारिस्थितिकी संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) के उपबंधों और तटीय विनियमन जोन (सीआरजेड) अधिसूचना, 2011 एवं पर्यावरणीय प्रभाव आकलन (ईआईए) अधिसूचना, 2006 सहित उसके अधीन बने नियमों और वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 (1980 का 69), भारतीय वन अधिनियम, 1927 (1927 का 16), वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 का 53) सहित अन्य लागू नियमों तथा उनमें किए गए संशोधनों के अनुसार शासित होंगे और नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट रीति से विनियमित होंगे,

सारणी

क्रम सं.	क्रियाकलाप	विवरण
(1)	**(2)**	**(3)**
		क. प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप
1.	वाणिज्यिक खनन, पत्थर की खदान और उनको तोड़ने की इकाइयां।	(क) नए (लघु और वृहत खनिज), पत्थर की खानें और उनको तोड़ने की इकाइयां स्थानीय निवासियों की वास्तविक घरेलू आवश्यकताओं जिसमें निजी उपयोग के लिए मकानों के संनिर्माण या मरम्मत के लिए धरती को खोदना और मकान बनाने के लिए देशी टाइल्स या ईंटों का निर्माण करना और अन्य क्रियाकलाप भी सम्मिलित है। (ख) खनन क्रियाकलाप, टी.एन. गोदावर्मन थिरूमलपाद बनाम भारत संघ के मामले में वर्ष 1995 की रिट याचिका (सी) सं 202 में दिनांक 4 अगस्त, 2006 तथा गोवा फाउंडेशन बनाम भारत संघ के मामले में

		वर्ष 2012 की रिट याचिका(सी) सं. 435 में दिनांक 21 अप्रैल, 2014 के माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुसरण में किए जाएंगे।
2.	प्रदूषण (जल, वायु, मृदा, ध्वनि आदि) करने वाले उद्योगों की स्थापना ।	(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में नए उद्योग लगाने और वर्तमान प्रदूषणकारी उद्योगों का विस्तार करने की अनुज्ञा नहीं होगी। (ख) जब तक कि इस प्रकार अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो, फरवरी, 2016 में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी दिशानिर्देशों में किए गए उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर केवल गैर- प्रदूषणकारी उद्योगों की अनुज्ञा दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, गैर-प्रदूषणकारी कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहन दिया जाएगा।
3.	बृहद जल विद्युत परियोजना की स्थापना ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
4.	किसी परिसंकटमय पदार्थ का प्रयोग या उत्पादन या प्रस्संकरण ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
5.	प्राकृतिक जल निकायों या भूमि क्षेत्र में अनुपचारित बहिस्रावों का निस्सारण ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
6.	नई आरा मिलों की स्थापना।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर नई आरा मिल स्थापित करना और विद्यमान आरा मिलों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा ।
7.	ईंट भट्टों की स्थापना ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
8.	जलावन लकड़ी का वाणिज्यिक उपयोग।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
9.	नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत-पवन चक्की का उपयोग।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
ख. विनियमित क्रियाकलाप		
10.	होटलों और रिजॉर्टों की वाणिज्यिक स्थापना ।	पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलापों हेतु लघु अस्थायी संरचनाओं के निर्माण के सिवाय संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, नए वाणिज्यिक होटल और रिसोर्ट अनुज्ञात नही होंगे : परंतु, संरक्षित क्षेत्र की सीमा से 1 किलोमीटर के बाहर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, सभी नए पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान क्रियाकलापों का विस्तार पर्यटन महायोजना और लागू दिशानिर्देशों के अनुरूप होगा।
11.	संनिर्माण क्रियाकलाप ।	(क) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, किसी भी प्रकार का नया वाणिज्यिक संनिर्माण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा: परंतु स्थानीय निवासियों की आवास सम्बन्धी निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए स्थानीय लोगों को, पैरा 3 के

		उप पैरा (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलापों सहित अपने प्रयोग के लिए, अपनी भूमि में भवन उप-विधियों के अनुसार संनिर्माण करने की अनुमति दी जाएगी :- (ख) परन्तु लागू नियमों और विनियमों, यदि कोई हों, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से ऐसे लघु उद्योगों, जो प्रदूषण उत्पन्न नहीं करते हैं, से संबंधित संनिर्माण क्रियाकलाप विनियमित किए जाएंगे और वे न्यूनतम होंगे । (ग) एक किलोमीटर से आगे ये आंचलिक महायोजना के अनुसार विनियमित होंगे ।
12.	गैर प्रदूषणकारी लघु उद्योग ।	फरवरी, 2016 में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार गैर-प्रदूषणकारी उद्योग तथा अपरिसंकटमय लघु और सेवा उद्योग, कृषि, पुष्प कृषि, बागबानी या कृषि आधारित उद्योग, जो पारिस्थितिकी संवेदी जोन से देशी सामग्रियों से उत्पाद बनाते हैं, सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञात होंगे।
13.	वृक्षों की कटाई ।	(क) राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन भूमि या सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर वृक्षों की कटाई नहीं होगी । (ख) वृक्षों की कटाई केंद्रीय या संबंधित राज्य के अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार विनियमित होगी ।
14.	वन उत्पादों और गैर काष्ठ वन उत्पादों (एनटीएफपी) का संग्रहण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
15.	विद्युत और संचार टॉवर लगाना और तार-बिछाना और अन्य बुनियादी ढांचे की व्यवस्था ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा । भूमिगत केबल बिछाने को बढ़ावा दिया जाएगा।
16.	नागरिक सुविधाओं सहित बुनियादी ढांचा।	लागू विधियों, नियमों, विनियमों और मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार उपशमन उपायों के साथ किया जाएगा।
17.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना, उन्हें सुदृढ बनाना और नई सड़कों का निर्माण ।	लागू विधियों, नियमों, विनियमों और मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार उपशमन उपायों के साथ किया जाएगा।
18.	सरकार द्वारा बंजर भूमि का कृषि भूमि में परिवर्तन ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
19.	पर्यटन से संबंधित अन्य क्रियाकलाप जैसे पारिस्थितिकी संवेदी जोन क्षेत्र के ऊपर से गर्म वायु के गुब्बारे, हेलीकाप्टर, ड्रोन, माइक्रोलाइट्स आदि को उड़ाने जैसे क्रियाकलाप करना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
20.	पर्वतीय ढलानों और नदी तटों का संरक्षण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।

IndiaCode

21.	रात्रि में वाहन यातायात का संचलन ।	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होगा।
22.	स्थानीय जनता द्वारा अपनायी जा रही वर्तमान कृषि और बागवानी प्रथाओं के साथ डेयरियां, दुग्ध उत्पादन, जल कृषि और मत्स्य पालन।	स्थानीय जनता के प्रयोग के लिए लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात होगा ।
23.	प्राकृतिक जल निकायों या भू क्षेत्र में उपचारित/अपशिष्ट जल/बहिर्स्राव का निस्सारण ।	जल निकायों में उपचारित अपशिष्ट जल/बहिर्स्राव के निस्सारण से बचा जाएगा। उपचारित अपशिष्ट जल के पुनर्चक्रण और पुन:उपयोग के प्रयास किए जाएंगे अन्यथा उपचारित अपशिष्ट जल/बहिर्स्राव का निस्सारण लागू विधियों के अनुसार विनियमित किया जाएगा।
24.	सतही और भूजल का वाणिज्यिक निष्कर्षण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
25.	कृषि या अन्य उपयोग के लिए खुले कुएं/ बोर कुएं आदि का निर्माण ।	समुचित प्राधिकारी द्वारा विनियमित किया जाएगा तथा क्रियाकलाप की मानीटरी की जाएगी।
26.	ठोस अपशिष्ट का प्रबंधन ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
27.	विदेशी प्रजातियों को लाना ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
28.	पारिस्थितिकी पर्यटन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
29.	पोलिथीन बैगों का प्रयोग ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
30.	वाणिज्यिक संकेत बोर्ड और होर्डिंग ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
31.	होटल और लॉज के परिसर की बाड़ लगाना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
32.	वायु और वाहन जनित प्रदूषण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
	ग. संवर्धित क्रियाकलाप	
33.	वर्षा जल संचयन ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
34.	स्थानीय जनता द्वारा अपनायी जा रही वर्तमान कृषि और बागवानी प्रथाओं के साथ डेयरियां, दुग्ध उत्पादन, जल कृषि और मत्स्य पालन।	स्थानीय जनता के प्रयोग के लिए लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात होगा ।
35.	जैविक खेती।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
36.	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी का अंगीकरण ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
37.	ग्रामीण कारीगरी सहित कुटीर उद्योग।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
38.	पवन चक्की के अलावा नवीकरणीय ऊर्जा और ईंधन का उपयोग करना ।	बायोगैस, सौर प्रकाश इत्यादि को बढ़ावा दिया जाएगा।
39.	सौर ऊर्जा।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
40.	कृषि वानिकी ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
41.	बागान लगाना और जड़ी बूटियों का रोपण ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
42.	पारिस्थितिकी अनुकूल यातायात का प्रयोग ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
43.	कौशल विकास ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
44.	अवक्रमित भूमि/वनों या वास-स्थलों की बहाली ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।

45.	पर्यावरणीय जागरुकता ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।

5. मानीटरी समिति- केंद्रीय सरकार, अंतिम अधिसूचना के प्रावधानों के प्रभावी मानीटरी के लिए एक मानीटरी समिति का गठन करेगी जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी, अर्थात् :-

क्र. सं.	**मानीटरी समिति का संविधान**	**पद**
1.	कलेक्टर, कच्छ-भुज	- अध्यक्ष;
2.	परिस्थितिकी विशेषज्ञ/वैज्ञानिक, गुजरात मरुभूमि पारिस्थितिकी संस्थान, भुज	–सदस्य;
3.	पंचायत का अधिकारी: संबंधित खंड के खंड विकास अधिकारी	– सदस्य;
4.	राजस्व विभाग का अधिकारी: संबंधित खंड का मामलादर	-सदस्य;
5.	पर्यावरण, जिसके अंतर्गत कार्य करने वाले गैर सरकारी संगठनों का राज्य सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट एक प्रतिनिधि	-सदस्य;
6.	राज्य सरकार द्वारा नामित जैव विविधता में एक विशेषज्ञ	-सदस्य;
7.	भूविज्ञान विभाग का अधिकारी: भूविज्ञानी, भुज	-सदस्य;
8.	सहायक वन संरक्षक, कच्छ, पश्चिमी संभाग, भुज	-सदस्य;
9.	संबंधित रेंज के रेंज वन अधिकारी	-सदस्य;
10.	उप वन संरक्षक, कच्छ, पश्चिमी संभाग, भुज	- सदस्य-सचिव ।

6. विचारार्थ विषय:-

(1) मानीटरी समिति का कार्यकाल तीन वर्ष तक या राज्य सरकार द्वारा नई समिति का पुनर्गठन किए जाने तक होगा और इसके बाद मानीटरी समिति राज्य सरकार द्वारा गठित की जाएगी।

(2) मानीटरी समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन की मानीटरी करेगी।

(3) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1533(अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची के अधीन सम्मिलित क्रियाकलापों और इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन सारणी में विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध गतिविधियों के सिवाय आने वाले ऐसे क्रियाकलापों की दशा में वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण निकासी के लिए केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट की जाएगी ।

(4) इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन यथा-विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533(अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 की अधिसूचना के अनुसूची के अधीन ऐसे क्रियाकलापों, जिन्हें सम्मिलित नहीं किया गया है, परंतु पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आते हैं, ऐसे क्रियाकलापों की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा ।

IndiaCode

(5) मानीटरी समिति का सदस्य-सचिव या संबद्ध कलक्टर या संबंधित उद्यान उप वन संरक्षक ऐसे व्यक्ति के विरुद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन परिवाद फाइल करने के लिए सक्षम होगा ।

(6) मानीटरी समिति मुद्दा दर मुद्दा के आधार पर अपेक्षाओं पर निर्भर रहते हुए संबद्ध विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संगमों या संबद्ध पणधारियों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों को अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी।

(7) मानीटरी समिति प्रत्येक वर्ष की 31 मार्च तक राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन को अपने क्रियाकलापों की अपनी वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट **उपाबंध V** में संलग्न प्रोफार्मा में उक्त वर्ष के 30 जून तक प्रस्तुत करेगी ।

(8) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय मानीटरी समिति को अपने कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए समय-समय पर ऐसे निर्देश दे सकेगा, जो वह ठीक समझे ।

7. **अतिरिक्त उपाय.-** इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभाव देने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगे ।

8. सुप्रीम कोर्ट का आदेश, आदि.- इस अधिसूचना के उपबंध, भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा पारित कोई आदेश या पारित होने वाले किसी आदेश, यदि कोई हों, के अधीन होंगे ।

[फा.सं. 25/43/2017-ईएसजेड]

सतीश चन्द्र गढ़कोटी, वैज्ञानिक 'जी'

IndiaCode

उपाबंध I क-ख

क. कच्छ बस्टर्ड अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार

विभिन्न दिशाओं (किलोमीटर) में पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार	उत्तर	0.0 किलोमीटर
	उत्तर-पूर्व	31.30 किलोमीटर
	पूर्व	36.70 किलोमीटर
	दक्षिण-पूर्व	34.00 किलोमीटर
	दक्षिण	5.70 किलोमीटर
	दक्षिण-पश्चिम	1.90 किलोमीटर
	पश्चिम	0.0
	उत्तर-पश्चिम	0.0 किलोमीटर

जखाऊ ग्राम में पारिस्थितिकी संवेदी जोन की दूरी अभयारण्य की सीमा से 'शून्य' मीटर रखी गयी है।

ख. कच्छ बस्टर्ड अभयारण्य और पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण

पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण	
उत्तर	नलिया, छदुरा, अशापार, गुड्दर, सुखपार बारा, तेरा ग्राम सीमा।

उत्तर- पूर्व	नलिया, ध्रुफी मोती, ध्रुफी नानी ग्राम सीमा।
पूर्व	बेराचिया, मोथला, नुन्दहतद, हल्पाल ग्राम सीमा।
दक्षिण-पूर्व	हलापार, विंजन ग्राम सीमा।
दक्षिण	विंजन, नोगोर, भाचुंडा, सन्धाव, कोठरा, भानादा, वादापाधार, प्रजू, सिंधोदी मोती, वरूनोरी बद्दिया ग्राम सीमा।
दक्षिण-पश्चिम	अरब सागर।
पश्चिम	जखाऊ ग्राम सीमा
उत्तर-पश्चिम	जखाऊ ग्राम सीमा

अनुसूची "क":

कच्छ बस्टर्ड अभयारण्य के चारों ओर पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमाएं 2 खण्डों में विभाजित है, खण्ड-1 और खण्ड-2।

खण्ड -1 में, पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा जसपर ग्राम की कृषि सर्वेक्षण संख्या -77 की बाहरी सीमा से अक्षांश-देशांतर उ 23-14-32.57 और पू 68-47-29.12 "इंवर्टेड वी आकार" बिंदु से आरंभ होती है और लगभग 1.15 किलोमीटर की दूरी से दक्षिण पूर्व दिशा में जाती है। इस बिंदु से यह लगभग 0.9 किलोमीटर की दूरी से वन सर्वेक्षण संख्या 85 और 86 की बाहरी सीमा के साथ उत्तर पूर्व दिशा में जाती है। इस बिंदु के अंत में यह लगभग 2.47 किलोमीटर की दूरी से जसपर ग्राम के कृषि सर्वेक्षण संख्या 59 की बाहरी सीमा के साथ दक्षिण पूर्व दिशा में जाती है। बाद में यह लगभग 2.97 किलोमीटर की दूरी से वन सर्वेक्षण संख्या 149 की बाहरी सीमा के साथ दक्षिण पूर्व दिशा में जाती है। इस बिंदु से यह लगभग 1.65 किलोमीटर की दूरी से समीपवर्ती प्रजू ग्राम के वन सर्वेक्षण संख्या 550 की बाहरी सीमा के साथ पूर्व की ओर जाती है अक्षांश-देशांतर उ 23-11-23.91 और पू 68-49-43.47 पर समाप्त होती है। इस बिंदु से यह लगभग 2.80 किलोमीटर की दूरी से वदापादार ग्राम की वन सर्वेक्षण संख्या 304 के साथ उत्तर पूर्व दिशा में जाती है। इस बिंदु से यह लगभग 2.64 किलोमीटर की दूरी से वन सर्वेक्षण संख्या 304 की बाहरी सीमा के साथ पश्चिम की ओर जाती है और अक्षांश-देशांतर उ 23-11-14.06 और पू 68-52-27.93 पर समाप्त होती है। इस बिंदु से यह लगभग 2.80 किलोमीटर की दूरी से वन सर्वेक्षण संख्या 304 की बाहरी सीमा के साथ पश्चिम दिशा में जाती है। बाद में यह लगभग 0.66 किलोमीटर की दूरी से समीपवर्ती प्रजू ग्राम के वन सर्वेक्षण संख्या 550 की बाहरी सीमा के साथ दक्षिण दिशा में जाती है। इस बिंदु से यह लगभग 3.13 किलोमीटर की दूरी से वन सर्वेक्षण संख्या 550 पश्चिम दिशा के साथ जाती है। इस बिंदु में यह लगभग 5.44 किलोमीटर की दूरी से विंगावेर और लाला ग्रामों की बाहरी सीमा के साथ दक्षिण पश्चिम दिशा में जाती है। इस बिंदु से यह लगभग 1.65 किलोमीटर की दूरी से वन सर्वेक्षण संख्या 34,35 और 36 की बाहरी सीमा के साथ दक्षिण दिशा में जाती है। इसके बाद यह लगभग 2.47 किलोमीटर की दूरी से वन सर्वेक्षण संख्या 37, 38 और 47 के साथ दक्षिण पश्चिम दिशा में जाती है। इस बिंदु से यह लगभग 1.48 किलोमीटर की दूरी से वन सर्वेक्षण संख्या 50, 49 और 48 की बाहरी सीमा के साथ दक्षिण दिशा में जाती है और अक्षांश-देशांतर उ 23-07-46.88 और पू 68-44-49.16 पर समाप्त होती है। इसके बाद यह लगभग 3.63 किलोमीटर की दूरी से समीपवर्ती रनपुर ग्राम के वन सर्वेक्षण संख्या 48, 49, 50, 51, 52, 53 और 54 के साथ उत्तर पश्चिम दिशा में जाती है। इस बिंदु से यह लगभग 1.81 किलोमीटर की दूरी से कृषि सर्वेक्षण संख्या 112, 111, 110 और 108 के साथ उत्तर पश्चिम

दिशा में जाती है। इस बिंदु से यह सड़क को पार करके उत्तर पूर्व दिशा में जाकर और लगभग 1.48 किलोमीटर की दूरी से कृषि सर्वेक्षण संख्या 57/1, 62, 63/1, 105, 106 की बाहरी सीमा के साथ होते हुए जाती है। इस बिंदु से यह लगभग 0.82 किलोमीटर की दूरी से बूदिया ग्राम के कृषि सर्वेक्षण संख्या 106, 105, 104, 65 और 58 के साथ दक्षिण पूर्व दिशा में जाती है। इस बिंदु से यह लगभग 2.6 किलोमीटर की दूरी से वन सर्वेक्षण संख्या 101, 1482 और 844 के साथ उत्तर दिशा में जाती है। इस बिंदु से यह लगभग 2.22 किलोमीटर की दूरी से वन सर्वेक्षण संख्या 844, 1484 और 1485 पूर्व दिशा के साथ जाती है। इस बिंदु से यह लगभग 1.15 किलोमीटर की दूरी से कृषि सर्वेक्षण संख्या 17, 86, 85, 84, 21 और 22 से होते हुए, वन सर्वेक्षण संख्या 89, 88, की बाहरी सीमा के साथ उत्तर पूर्व दिशा में जाती है। इस बिंदु से यह कृषि सर्वेक्षण संख्या 16, 19, 20/1, 20/2, 25 से होते हुए बूदिया ग्राम के कृषि सर्वेक्षण संख्या 22, 23, 24, 25, 15 के साथ दक्षिण पूर्व में जाती है इसके बाद सड़क को पार करके और लगभग 2.99 किलोमीटर की दूरी से कृषि सर्वेक्षण संख्या 25, 26, 27, 213, 212, और 214 के साथ जाती है। इस बिंदु से यह लगभग 1.98 किलोमीटर की दूरी से कुकदौ ग्राम के कृषि सर्वेक्षण संख्या 143, 175, 138, 139/2,139/1 और 141 के साथ उत्तर पश्चिम दिशा में जाती है। इस बिंदु से यह लगभग 1 किलोमीटर की दूरी से कृषि सर्वेक्षण संख्या 81, 73, 142, और 162/1 के साथ पश्चिम दिशा में जाती है। इस बिंदु से यह लगभग 1.15 किलोमीटर की दूरी से कृषि सर्वेक्षण संख्या 162/1, 4, 5/3, 5/2, 6 और 8 के साथ पश्चिम दिशा की ओर जाती है। इस बिंदु से यह लगभग 2.14 किलोमीटर की दूरी से कृषि सर्वेक्षण संख्या 8, 12/2,12/3,14/1, 13, 15 16, 19, 30, 32/1, 36, और 51 के साथ उत्तर पूर्व दिशा में जाती है। इस बिंदु से यह कृषि सर्वेक्षण संख्या 68 से होते हुए कुकादौ ग्राम के कृषि सर्वेक्षण संख्या 51, 52, 56/1, 57,68/2, 68, 169 के साथ उत्तर पूर्व दिशा में जाती है इसके बाद सड़क पार करके और लगभग 1.32 किलोमीटर की दूरी से कृषि सर्वेक्षण संख्या 71 की बाहरी सीमा चिन्हित करती है। इसके बाद कृषि सर्वेक्षण संख्या 37/1, 75, 51, के साथ उत्तर पूर्व दिशा में जाती है, लगभग 2.47 किलोमीटर की दूरी से जसपर ग्राम की कृषि सर्वेक्षण संख्या 77 से होते हुए सड़क को पार करती है और खण्ड -1 के आरंभिक बिंदु को छूती है।

